# प्रेस नोट
## दिनांक- 03.06.2025
## जनपद सोनभद्र

## थानाध्यक्ष रामपुर बरकोनिया व थाना रॉबर्ट्सगंज व एसओजी सोनभद्र की संयुक्त टीम द्वारा जिला अस्पताल लोढ़ी थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र से अपहृत नवजात शिशु की बरामदगी कर दो नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।

**प्रकरण-** दिनांक 02.06.2025 को थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र में एक अत्यंत संवेदनशील एवं अमानवीय घटना घटित हुई, जिसमें एक नवजात शिशु के लापता होने की सूचना प्राप्त हुई। घटना के संबंध में त्वरित संज्ञान लेते हुए थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-586/25 धारा-137(2) बी.एन.एस का अभियोग पंजीकृत कर तत्काल प्रभाव से चार टीमें गठित की गई।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अशोक कुमार मीणा के दिशा-निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के पर्यवेक्षण में एंव क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा तकनीकी सहायता, सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय सुराग एवं खुफिया सूचना के आधार पर सतत प्रयास किए गए। पुलिस टीम की कड़ी मेहनत व सतर्कता के परिणाम स्वरूप दिनांक 03.06.2025 को समय लगभग 13.30 बजे ग्राम रामपुर थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र से थाना रावर्टसगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 586/25 धारा 137(2) बी.एन.एस से सम्बन्धित शिशु को सकुशल बरामद कर दो नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।

**पूछताछ विवरणः–** पूछताछ के क्रम मे अभियुक्ता ममता ने बताया कि मेरे पति की काफी समय पहले मृत्यु हो गयी है। मैं अपने चचेरे देवर श्रीनाथ के साथ पत्नी की तरह रहती हूँ। श्रीनाथ नें मुझसे कहा था कि मुझे तुमसे बच्चा चाहिए। मेरे पहले पति से मुझे 03 बच्चे है। मैने अपना नसबन्दी का आपरेशन करा लिया है। मै अपने गर्भवती होने के बात सभी कह दी थी। मुझे बच्चा चाहिए था मैं किसी तरह से बच्चा पाने का प्रयास कर रही थी। मैं अपनी तबीयत खराब होने का बहाना करके जिला अस्पताल लोढ़ी मे 2 – 3 दिन से मौजूद थी। इसी बीच अस्पताल मे एक महिला को बच्चा हुआ था मुझे बच्चा देखकर लालच आ गया। मैं उसी के आस पास रहती थी और उनसे अपनी नजदीकी पढा ली। मैं उन्ही के साथ रह कर बच्चे की देखरेख कर रही थी। इसी बीच मौका पाकर मै अपने देवर के साथ नवजात शिशु को अस्पताल वार्ड से लेकर अपने पति / देवर के साथ टैम्पो से बढ़ौली रॉबर्ट्सगंज आयी तथा बढ़ौली चौराहा से टैम्पो बदलकर दूसरे टैम्पो से रामगढ़ होते हुये सिलथम पटना से अपने घर रामपुर आ गयी। गांव मे आकर मैने सभी गाँव वालो को यह बताया कि मुझे बच्चा हुआ है। इस खुशी की मैने गांव मे मिठाई भी बाँटी थी। इसी बीच किसी तरह से पुलिस को जानकारी मिल गयी और हमदोनो लोग नवजात शिशु के साथ पकडे गये। इस प्रकार दोनो के द्वारा अपनी गलती का स्वीकार करते हुये बार बार माँफी मागां जा रहा है।

**बरामदगी का विवरण-**

1. वादी मुकदमा का दिनांक 27.05.2025 को जन्मा नवजात शिशु (अपहृत )

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-**

1. ममता पत्नी स्व0 संजू उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र।
2. श्रीनाथ पुत्र जमुना प्रसाद पनिका उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. थानाध्यक्ष कमल नयन दूबे थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र।
2. उ0नि0 संजय सिंह चौकी प्रभारी लोढ़ी थाना रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र।
3. हे0का0 नरेन्द्र सिंह यादव थाना रामपुर बरकोनिया सोनभद्र।
4. हे0का0 अभिमन्यु यादव चौकी लोढ़ी थाना रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र।
5. हे0का0 रामसिंह चौकी लोढ़ी थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।
6. का0 दीपक कुमार मिश्र थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र।
7. का0 जयप्रकाश एसओजी जनपद सोनभद्र।
8. का0 रितेश एसओजी जनपद सोनभद्र।
9. का0 प्रेम प्रकाश एसओजी जनपद सोनभद्र।
10. का0 सत्यम पाण्डेय एसओजी जनपद सोनभद्र।
11. म0का0 महिमा तिवारी थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र।